कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा सीकर

–: कार्यालय आदेश :–

विभागीय पदौन्नति समिति द्वारा वर्ष 2019–20 में जमादार पद पर वेतन श्रृंखला 5200–20200 **(L-2 ग्रेड पे–1750)** में चयनित किये जाने के फलस्वरूप निम्नलिखित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को जमादार के पद पर पदौन्नत किया जाकर इनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर पदस्थापित किया जाता है ।

संबंधित कार्यालयध्यक्ष/संस्था प्रधान इन्हें पदौन्नति पर कार्यमुक्त करने से पूर्व यह सुनिश्चित करें कि पदौन्नत कार्मिक के 1–6– 2002 के बाद दो से अधिक संतान पैदा नहीं हुई है, क्योंकि राज्य सरकार की अधिसूचना कमांक–एफ–7(1) कार्मिक/ए–II/95 दिनांक 20.6.01 के अनुसार इस प्रकार के कार्मिक पदौन्नति के पात्र नहीं है। अन्यथा संबंधित संस्था प्रधान राज्य सरकार की अधिसूचना के उल्लंघन के लिए व्यक्तिशः उत्तरदायी होंगें। साथ ही यदि कोई कार्मिक वर्तमान में निलम्बित अथवा सीसीए 16,17 के अन्तर्गत कोई विभागीय जांच विचाराधीन हो तो ऐसे कार्मिक को पदौन्नति पर कार्यमुक्त न करें एवं सम्पूर्ण वस्तुस्थिति से अविलम्ब अवगत करावें। संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/संस्था प्रधान पदौन्नत कार्मिकों को अविलम्ब निर्धारित तिथि तक कार्यमुक्त करते हुए सूचना अनिवार्यतः इस कार्यालय को प्रेषित करेंगे। जो कर्मचारी इस पदौन्नति का परित्याग करना चाहते हैं तो संबंधित संस्था प्रधान उनसे इस आशय का लिखित पत्र प्राप्त कर इस कार्यालय को तत्काल रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें। यदि किसी कर्मचारी का वर्तमान पदस्थापन स्थान परिवर्तित हो गया हो तो यह आदेश उनके सही पते पर प्रेषित कर अविलम्ब इस कार्यालय को सूचित करें।

जो कर्मचारी इस पदौन्नति का परित्याग करते हैं उनके संबंध में वित्त विभाग के आदेशानुसार कार्यवाही की जावे तथा संस्था प्रधान ऐसे कर्मचारियों के सेवाभिलेख में पदौन्नति परित्याग का इन्द्राज कर इस आशय का प्रमाण पत्र इस कार्यालय को तत्काल भिजवायें। परित्याग नहीं करने की स्थिति में इन्हे हर हाल में यथाशीघ्र कार्यमुक्त कर दें। इन लोकसेवकों को पदस्थापित स्थान पर दिनांक **18.09.2019** तक आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करना होगा। कार्यग्रहण/कार्यमुक्ति की सूचना तत्काल इस कार्यालय में भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। इस दिनांक के पश्चात् यह आदेश स्वतः ही निष्प्रभावी हो जावेगा।

क्र. सं.	वरिष्ठता कमांक/वर्ष	नाम च0श्रे0क0 मय पदस्थापन स्थान	जन्म तिथि	पदौन्नति पर पदस्थापन स्थान
1	107/79–83	प्रभूदयाल पटवा, जिशिअ(मु0)प्राशि सीकर	15.05.65	राउप्रावि मोचीवाड़ा सीकर
2	03/83–91	गिरधारीलाल, राउमावि नाथूसर	05.05.65	राउमावि श्रीमाधोपुर
3	07/,,	सुरेन्द्र कुमार, राउमावि जाजोद, लक्ष्म0	20.01.66	अति0जि.परि.समसा सीकर
4	23/,,	चांदमल, राउमावि बाजौर, पिप0	02.09.60	श्री क. राउमावि सीकर
5	35/,,	सीताराम, राउमावि दांतारामगढ़	01.07.60	राउमावि बाय, दांता0
6	53/,, **अजा**	मन्नीराम, राउमावि महावा, नीम0	15.11.59	राउमावि थोई, खण्डेला
7	77/,, **अजजा**	देवीदयाल मीणा,राउमावि गोंठडातगेलान	20.12.61	राउमावि खूड़, दांता0
8	128/91–95	मंगतूराम सैनी, राउमावि भड़ेच नेछवा	15.10.62	श्री क. राउमावि सीकर
9	134ए/91–95	द्वारका प्रसाद सैनी, राबाउप्रावि वार्ड 01 सीकर	01.07.60	राउप्रावि आनन्द नगर सीकर
10	135/91–95	बाबूलाल, राउमावि कासली	03.10.61	श्री क. राउमावि सीकर
11	145/91–95	धर्मपाल सैनी, राउमावि नयाबास	01.03.61	राउमावि डाबला, पाटन
12	150/91–95	शैतानाराम, राउमावि जीडी रामगढ़ शे0	05.10.60	राबाउमावि दौलतपुरा, पिप0
13	152/,,	पवन कुमार सैनी, राबाउमावि लक्ष्मणगढ़	05.06.61	राबाउमावि मारू सीकर
14	165/,, **अजजा**	विद्याधर मीणा, राउमावि बागड़ोदा	05.10.62	श्री क. राउमावि सीकर
15	193/,, **अजा**	ओमप्रकाश, राउमावि गुहाला	07.07.68	राउमावि कांवट, खण्डेला
16	216/,, **अजा**	जगदीश प्रसाद, राबाउमावि छावनी नीम0	01.06.62	राउमावि डाबला, पाटन

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा सीकर

कमांक– जिशिअ/मा–मु0/सी/संस्था–1/पदौ0जमादार/2019–20/19/2060 **दिनांकः– 05.09.2019**

प्रतिलिपि–निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर
2. संयुक्त निदेशक, (स्कूल शिक्षा) जयपुर सम्भाग, जयपुर/चूरू
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, सीकर
4. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी...........................
5. सम्बन्धित संस्था प्रधान/सम्बन्धित कार्मिक/वरिष्ठता अनुभाग/रिकार्ड पत्रावली

जिला शिक्षा अधिकारी
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा सीकर